**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 4 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि आकांक्षी जनपदों के किसानों का स्तर बढ़ाने हेतु मुख्य मंत्री की प्राथमिकता है? | जी हां। |
| (ख) यदि हॉ, तो ऐसे जनपदों के किसानों के जीवन स्तर को बढ़ाने हेतु कोई नीति बनाई गई है? | आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 8 आकांक्षी जनपदों के किसानों के जीवन स्तर को बढ़ाने हेतु इन जनपदों में कृषि विभाग की संचालित योजनाओं से किसानों को आच्छादित करने हेतु विशेष पहल की गयी है। |
| (ग) यदि हॉ, तो क्या? | प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास के लिए ऐसे क्षेत्र जो सामाजिक/आर्थिक विकास के स्तर में दूसरे क्षेत्रों से पीछे है, को नीति आयोग द्वारा चयनित किया गया है, जिसमें से उत्तर प्रदेश के 8 जनपद यथा- चित्रकूट, बलरामपुर, बहराइच, सोनभद्र, श्रावस्ती, चन्दौली, सिद्धार्थनगर एवं फतेहपुर सम्मिलित है। मानव विकास से संबंधित क्षेत्र स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं आधारभूत अवस्थापना क्षेत्रों का चयन आकांक्षात्मक जनपदों के त्वरित विकास हेतु किया गया है। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ङ) क्या अभी तक अन्य जनपदों के किसानों के लिये अलग से कोई योजना लागू नही की गई है? | जी नहीं।<br>आकांक्षी जनपदों के ही तर्ज पर प्रदेश के कुल 34 जनपदों के 100 पिछड़े विकास खण्डों का चयन किया गया है। |
| (च) इसके प्रमुख कारण क्या है क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री।